आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

नामांकन

10 राज्यों में 3 7 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज समाप्त हो जाएगी। इनमें हिमाचल की एक सीट भी शामिल है। प्रदेश से कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कांगड़ा जिला के बैजनाथ से संबंध रखने वाले जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुराग शर्मा को राज्यसभा उम्मीदवार बनाया है। वे विधानसभा परिसर में नामांकन दाखिल कर रहे हैं। कल 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 9 मार्च तक उम्मीदवार नाम वापिस ले सकते हैं। मतदान 16 मार्च को होगा।

इस बीच, राज्यसभा चुनाव में भाजपा द्वारा उम्मीदवार उतारे जाने को लेकर संशय बना हुआ है। भाजपा ने अब तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि मेले व उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति की पहचान है और हिमाचल अपनी संस्कृति के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कल सुजानपुर में राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव के अंतिक सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर सभी को होली की बधाई देते हुए सभी के मंगलमय व खुशहाल जीवन की कामना की। पठानिया ने कहा कि आने वाले समय में सुजानपुर के होली उत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिलने से हमारी संस्कृति का और विस्तार होगा।

लोक अदालत

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को राज्य के सभी न्यायालयों में आयोजित की जाएगी। ये इस वर्ष की पहली लोक अदालत होगी। शिमला के जिला व सत्र न्यायाधीश रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटारे के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अब तक करीब 62 हज़ार मामलों की पहचान की गई है। मामलों की प्रभावी पहचान के लिए सभी बार संघों, बीमा कंपनियों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें की जा रही हैं।

प्राकृतिक खेती

हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। इसके तहत प्रदेश में कई किसान रसायनिक खाद ओर जहरीले कीटनाशकों को छोड़कर अपने खेतों में केवल घर में ही तैयार की जाने वाली सामग्री का ही उपयोग कर रहे हैं, ताकि अच्छी और सुरक्षित खाद्यान्न पैदा की जा सके। इसी कड़ी में हमीरपुर जिला की भोरंज उपमंडल के एक रिटायर्ड टीचर शीला देवी और उनके परिजनों ने कुछ ऐसा ही करके दिखाया है।

पेंशनर्ज

प्रदेश सरकार द्वारा सेवानिवृत लाभों से वंचित रखे गए पैंशनरों में काफी रोष देखा जा रहा है। पेंशनस वैल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष लेखराज ठाकुर ने कहा कि पिछले कई वर्षों से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे इस वर्ग को आज तक निराशा ही हाथ लगी है। चंबा में आयोजित एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक में ये मुद्दा एक बार फिर उठा और उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एकजुट होने का आहवान किया।

घरेलू हिंसा

प्रदेश में घरेलू हिंसा के दिन–प्रतिदिन मामले बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में कांगड़ा जिला में चालू वित वर्ष के दौरान इसके 616 मामले सामने आ चुके हैं। गौरतलब है कि महिलाओं के संरक्षण का जिम्मा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग को मिला है। कांगड़ा के कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि जिला के सभी विकास खंडों से घरेलू हिंसा के मामलों में मुख्य कारण नशा निकलकर सामने आया है।